# ठेकरा गौशाला गौवंश के लिए हो रही वरदान साबित



करौली में यादव वाटी ठेकरा गौशाला के बारे में जानकारी देते पदाधिकारी।

**करौली, (निसं)।** ठेकरा गौशाला करौली से 32 किलोमीटर सरमथुरा रोड के खेडा गांव से 6 किलोमीटर दूर करौली धौलपुर जिले की सीमा पर स्थित है। गौशाला में वर्तमान में 1500 गायों के अलावा छोटे बड़े एवं 300 नंदियों का पालन पोषण किया जा रहा है।

मंगलवार को मीडिया भ्रमण के दौरान दल ने गौशाला का भ्रमण कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह, ऊधौसिंह एडवोकेट,चैरजी सिंह,नरेंद्र सिंह टटवाई, धर्मेंद्र सिंह उर्फ

■ **मीडिया भ्रमण के दौरान दल ने गौशाला का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली**

धर्मी,गोविंद लोहे वाले ने बताया कि 110 ट्रक चारे का एक साथ भंडारण किया जा सकता है। गौशाला में एक एक बीघा वाले आरसीसी के कई हॉल पशुधन को रहने के लिए बनाए गए हैं। अनाज भंडारण,पशु चिकित्सालय,पानी की खेड, आदि काफी तादात में प्रबंधन समिति की भारी मेहनत का परिणाम स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। उन्होने बताया कि यादव भाटी गौशाला की स्थापना स्वतंत्रता से पूर्व करौली स्टेट के शासक राजा भौम पाल के द्वारा 1931 में निर्मित की गई गौशाला के नाम 1750 बीघा भूमि स्थित है। इस भूमि में भवन,पानी के लिए तलाई, कृषि भूमि,ट्यूबवेल एवं मवेशी को स्वतंत्र रूप से चरने का पर्याप्त स्थान है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि गौशाला की भूमि खनन माफियाओं से आजाद करवाना चुनौती पूर्ण रहा खनन माफियाओं ने खनन कार्य एवं ब्लास्टिंग से 50- 50 फीट गहरे गड्ढे बना दिए गए जिसमें गिरकर गोधन आए दिन मर जाता था। मीडिया टीम ने मौके पर जाकर देखा अब उन गहरे गहरे गड्ढो को जेसीबी एवं अर्थ मूवर्स से समतली करण कार्य चल रहा है। जो एक चुनौती पूर्ण कार्य है। यह कार्य लगातार कई वर्षों तक जेसीबी एवं अर्थ मूवर्स के चलते रहने पर पूर्ण हो पाएगा। गौशाला के प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह ने बताया कि गौशाला वित्तीय प्रबंधन राजकीय अनुदान, कैलादेवी, मदन मोहन जी मंदिर ट्रस्ट से दान की राशि,दानदाताओं से एवं भामाशाहों से प्राप्त राशि, स्वैच्छिक सहयोग के कार्मिकों के सहयोग से संचालित की जा रही है। उन्होंने गौशाला संचालन में इस राशि को न काफी बताते हुए भामाशाहों से सहयोग की भी अपील उन्होने बताया कि गौशाला को पर्यटक स्थल विकसित कर स्थाई वित्तीय आय के स्त्रोत तैयार करना जिससे आने वाली प्रबंध समिति को गौशाला संचालक में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। मुन्ना सिंह ने बताया कि करौली में आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओ से बचने के लिए मीडिया के माध्यम से गोधन को गौशाला तक पहुंचाने की अपील की। राजस्थान को हरा भरा बनाने एवं पर्यावरण संरक्षण को प्रकृति के अनुरूप बनाने के लिए करौली खनन अभियंता धर्म सिंह मीणा,मदन मोहन पचैरी एवं मासलपुर प्रधान प्रतिनिधि मोंटू बना ने अलग-अलग प्रकार के वृक्ष लगाए खनिज अभियंता धर्म सिंह मीणा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा हमें वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया जाता है अन्य स्थानों के बजाय हमने ठेकरा गौशाला को वृक्षारोपण कार्य के लिए उपयुक्त स्थल मानते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण का कार्य किए जाने की प्राथमिकता तय की हैं। यह कार्य वर्ष पर्यंत बना रहने वाला है। वृक्षारोपण के दौरान समाज सेवी बबलू शुक्ला,प्रदीप सिंह कोटा छावर,एडवोकेट कृष्णकांत शर्मा,हरि तमोली, गिर्राज गुप्ता,मुकेश सोनी,प्रेम सिंह रामपुरा के अलावा स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### श्मशान जाने वाले रास्ते पर किया अतिक्रमण



**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर जिले के नगला लोधा गांव के ग्रामीण रास्ते से अतिक्रमण हटाने की शिकायत को लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है गांव के एक दबंग व्यक्ति ने सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण किया हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन के अधिकारी भी उसके साथ मिले हुए हैं। वह भी रास्ते से अतिक्रमण नहीं हटवा रहे। दबंग लगातार जाटव बस्ती के लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहा है।जय प्रकाश निवासी नगला लोधा ने बताया कि हमारे गांव में सरकारी स्कूल, जाटव बस्ती और श्मशान के लिए एक रास्ता जाता है। जो कि वह सरकारी रास्ता है। उस रास्ते पर देवीसिंह नाम के व्यक्ति ने सीढ़ी बना दी है। इससे पूरा रास्ता रुक गया है। जिसके कारण आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रास्ते से सीढ़ियां हटाकर रास्ते को शुरू करवाने की बात कही।जय प्रकाश निवासी नगला लोधा ने बताया कि इससे पहले भी ठाामीणों ने शिकायत दी थी लेकिन, उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कल शाम करीब 8 बजे की बात है। पटवारी, सरपंच और सेक्रेटरी इसकी जांच के लिए आए थे। तीनों अधिकारी अतिक्रमण को कृषि भूमि बताकर शिकायत को वहीं दबाकर चले गए। अधिकारियों के जाने के बाद देवीसिंह के बदमाश बुलाए और जाटव बस्ती में रहने वाले लोगों को गालियां दी। साथ ही मारपीट करने पर उतारू हो गया। देवीसिंह ने कहा कि यह रास्ता कभी नहीं खुलेगा। चाहे किसी से भी शिकायत कर लो। देवी सिंह से सभी लोगों को जान माल का खतरा है। वह कभी भी बदमाश बुलाकर हमारे ऊपर हमला करवा सकता है।

### चिकित्सालय के लिए किया एसी भेंट

**करौली, (निसं)।** जिला सामान्य चिकित्सालय करौली मे प्योर इंडिया ट्रस्ट के संस्थापक प्रंशातपाल के द्वारा एक एसी भेट किया गया। ट्रस्ट प्रतिनिधी खु'ाबिहारी व्यास ने बताया कि ट्रस्ट कि ओर से जिला चिकित्सालय करौली के लिए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रामकेश मीणा को एसी भेट किया गया इस पुनीत कार्य के लिए डा.मीणा ने ट्रस्ट के संस्थापक का धन्यवाद ज्ञापित किया और समय समय पर अस्पताल के लिए और भी वस्तु डोनेशन देने की बात कही एवं उन्होंने बताया की अस्पताल के सोनोठााफी लैब के लिए एस की सख्त आवश्यकता थी वह दूर हुई ट्रस्ट प्रतिनिधि खुश बिहारी व्यास 'ने बताया की उनके द्वारा जिला जिला प्रशासन में पुलिस प्रशासन के लिए कई बार सहयोग किया गया है अस्पताल के लिए कॉविड काल में दवाइयां, बेडशीट आदि भेंट की गई समय समय पर संस्थापक द्वारा यह मदद की जाती है इस दौरान कार्यक्रम में डां. भुवनेश बंसल, डा. शिशुपाल, डा. ऋषिराज, जगदीश कहीं स्टाफ उपस्थित रहा।

### अतिक्रमण हटाने की मांग

**करौली, (निसं)।** करौली शहर के मेला ग्राउंड सोलंकी बस्ती से विधुत विभाग कार्यालय भट्टा तक वहने वाले मुख्य नाले पर हो रहे अतिक्रमण की समस्या को लेकर पार्षद ने नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन सौपा है। करौली नगरपरिषद के वार्ड 44 से पार्षद दीपक साक्यवार ने नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन सौपकर बताया कि 15 वर्ष पूर्व नाले में विचपुरी ठाामीण सड़क का निर्माण कर दिया व अब कुछ लोगों ने नाले पर पक्के निर्माण कर लिए हैं। और कुछ लोगों ने अस्थाई अतिक्रमण कर नाले को 50-60 फिट से 3 फीट का ही छोड़ा है। इससे नाले का प्राकृतिक बहाव पूरी तरह रुक गया है। और शेष भूमि पर भूमाफिया और लोगों ने नाले के क्षेत्र में मकान,दुकान जैसे स्थायी निर्माण कर लिए हैं। इससे वर्षा जल का प्रवाह रुक गया। क्षेत्र में जलभराव की गंभीर स्थिति बन गई है। उन्होने बताया कि यह नाला सोलंकी बस्ती मेला ग्राउंड से होकर कोली बगीची, मेढकी होते हुए विद्युत विभाग भट्टा तक बहता है। आगे चलकर यह कुंड वाले हनुमान जी से लेकर राधेश्याम मैरिज गार्डन होली खिड़कियां बाहर होते हुए गौशाला से हाथी घटा और पांचना वाली नदी में मिलता है। अतिक्रमण के कारण नाले का बहाव रुकने से नदी में पानी की आवक भी थम गई है। और बरसाती जल शहर की कच्ची बस्ती और पॉश इलाकों के जीवन को अस्त व्यस्त करता है जिससे प्रशासन को हर वर्ष भारी वर्षा में समय और धन खर्च होता है साथ ही भविष्य की किसी बड़ी अनहोनी को न्योता देता है। उन्होने ज्ञापन के माध्यम से मांग कि है की नाले से अवैध कब्जे तुरंत हटवाए जाएं एव दोषियों पर सख्त कार्यवाही हो नाले की सफाई और पुनर्निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाए। नाले का बहाव फिर से चालू किया जाए। जलभराव की समस्या से राहत दिलाई जाए। प्रशासन दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे। ताकि आगामी बरसात में लोगों की दिनचर्या प्रभावित नहीं हो।

### सीमा ने संभाला सीबीईओ पदभार

**करौली, (निसं)।** राजस्थान में जिला शिक्षा अधिकारी एवं समकक्ष पदों पर पदोन्नित उपरांत संयुक्त शासन सचिव मनीष गोयल ने जून माह में 255 रिक्त पदों पर पदस्थापन आदेश जारी किए उनकी पालना में श्रीमती सीमा जादौन ने करौली सीबीईओ पद पर भार ग्रहण किया। इस मौके पर शिक्षा अधिकारी तथा विभिन्न शिक्षक संघों सहित शिक्षक संघ (अम्बेडकर)करौली के पदाधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर सीबीईओ का स्वागत किया इस मौके पर एसीबीईओ रजनी गोयल,रामोतार मीना डीएलसीओ,अमर सिंह गुर्जर आरपी, हरिकेश मीना, विमलेश मीना, विष्णु मण्डल जिलाध्यक्ष, सुभाष मीना महामंत्री, गंगाराम प्रजापत प्रवक्ता,घनश्याम मीना प्राचार्य, टीकाराम महावारसहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# पेयजल किल्लत को लेकर वार्डवासियों ने किया प्रदर्शन



पेयजल किल्लत को लेकर वार्डवासियों ने किया प्रदर्शन

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** शहर में झमाझम बरसात के बीच शहर वासियों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

बड़ी बात यह है कि नगर परिषद के सभापति बृजेश कुमार जाटव जिस 22 नंबर वार्ड से निर्विरोध चुनकर आए थे, वहीं के वाशिंदे भरे चौमासे में पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। पिछले करीब 15 दिनों से पेयजल किल्ल्त से परेशान लोगों ने मंगलवार को इस्लामपुरा बाइपास के पास प्रदर्शन कर नाराजगी जताई, साथ ही जलदाय विभाग के अभियंताओं के खिलाफ नारेबाजी की।

लोगों ने बताया कि शहर के प्रथम नागरिक और सभापति बृजेश कुमार जाटव को पूरे वार्ड वासियों ने निर्विरोध जिताकर वार्ड का प्रतिनिधित्व सौंपा था, लेकिन जब सभापति के वार्ड के लोग ही पानी के लिए तरस रहे हो तो अन्य वार्डों की हालत क्या होगी।

लोगों ने बताया कि तेली की पंसेरी के पास पानी की पाइपलाइन क्षितठास्त होने से पिछले 15 दिन से पीने की पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है।लोग पानी की बूंद बूंद को तरस रहे हैं। महिलाओं को दूर दराज से सिर पर पानी रखकर लाना पड़ रहा है।आरोप है कि समस्या से जलदाय विभाग को अवगत करवा दिया, लेकिन समाधान नहीं हुआ। लोगों ने समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण करने की मांग की है।

## नाम व हिस्सा शुद्धि होने पर झलकी खुशी

**भरतपुर (निस)।** उपखण्ड भरतपुर की ग्राम पंचायत झारौली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा कैम्प आयोजित हुआ। आयोजित कैम्प में प्रार्थी उत्तमसिंह यदुराज सिंह पुत्रगण रामचन्द निवासी ठााम हिण्डौला का नाम का राजस्व रिकार्ड में अशुद्ध दर्ज था।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा कैम्प में उत्तमसिंह पुत्र रामचन्द एवं यदुराज सिंह के पुत्र सुभाष सिंह निवासी ठााम हिण्डौला ने एक प्रार्थना पत्र कैम्प प्रभारी को प्रस्तुत किया जिसमें ठााम हिण्डौला के खाता से 85 में नाम एवं हिस्सा की अशुद्धि लगभग 10 वर्ष से चली आ रही थी। उत्तमसिहं, यदुराजसिंह एवं अशोकबाबू तीन भाई थे। लेकिन जमाबन्दी में अशोक व बाबू को पृथक-2 मानकर खाता बन गया। जिससे उनके खाते में प्रत्येक का हिस्सा के 1/3 के स्थान पर 1/4 दर्ज हो गया।

# चोरी का प्रयास करते दो महिला पकड़ी

■ **खारी बाजार में दुकान पर आए ग्राहक के बैग से चोरी का प्रयास करते दो महिला पकड़ी, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किया गिरफ्तार**

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** खारी बाजार में रेडिमेड की दुकान पर एक व्यक्ति के बैग की चैन खोल चोरी करने के प्रयास में दो महिलाओं को रंगे हाथों दुकानदार व ग्राहकों ने पकड़ा है। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

थानाधिकारी करणसिंह राठौड ने बताया कि एक व्यक्ति खारी बाजार में दुकान पर कपडे खरीदने आया था। उसके पीछे बैग लगा हुआ था। इसी दौरान दो महिलाएं दुकान में आई। एक महिला ने अपनी चुनरी से बैग को ढक दिया। दूसरी महिला ने बैग की चैन खोलने का प्रयास किया। व्यक्ति को शक हुआ और उसने पीछे मुडकर देखा। तो एक महिला बैग की चैन खोलने का प्रयास करती दिखी जिसे वहां के दुकानदार व ग्राहको ने पकड लिया। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम दामिनी पत्नी विवेक सिसोदिया और अरविंद बाई पत्नी सूरजसिंह बताया। दोनों कडिया सांसी, थाना बोडा, जिला राजगढ की रहने वाली हैं। पूछताछ में पता चला कि दोनों महिलाएं बडौदा बैंक से ही व्यक्ति का पीछा कर रही थीं। संभवतः व्यक्ति बैंक से पैसे निकालकर लौट रहा था। पुलिस ने दोनों को धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## सार-समाचार

### शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित




**गंगापुर सिटी, (निसं)।** भारत विकास परिषद शाखा सुभाष ने जयपुर बाईपास स्थित सीपी हॉस्पिटल ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर शाखा सचिव कृष्ण कुमार मंगल की 22वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रांतीय संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज, ब्लड बैंक प्रभारी सचिन शर्मा और सचिव कृष्ण कुमार मंगल ने किया। उन्होंने मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। साथ ही रक्तदान शिविर आयोजन की सराहना की। प्रांतीय संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज ने रक्तदान को जीवनदान की संज्ञा दी। उन्होंने स्वस्थ व्यक्तियों से नियमित रक्तदान की अपील की। ब्लड बैंक प्रभारी सचिन शर्मा ने स्पष्ट किया कि स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान से कोई नुकसान नहीं होता। कार्यक्रम में अध्यक्ष मदनमोहन गौतम, कोषाध्यक्ष दिनेश मालधानी समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सिटी हॉस्पिटल पूजा ब्लड बैंक की टीम ने भी सहयोग प्रदान किया। शिविर में कुल 21 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

### सीए-आईपीसीसी परीक्षा में सफलता

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** श्री निवास मिल स्थित विवेकानन्द संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट मार्गदर्शन के साथ कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीए बनने की दिशा में सबसे कठिन माने जाने वाली परीक्षाओं में लगातार सफलता दर्ज की है। सीए की यह परीक्षा देश की सबसे चुनौतीपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में से एक मानी जाती है, और इसी कडी में हाल ही में मई 2025 में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंसी इंटरमीडिएट परीक्षा (सीए-आईपीसीसी) में स्कूल के चार विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इन विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि एक विद्यालय और उसके शिक्षकों द्वारा दिया गया सही मार्गदर्शन किसी भी कठिन परीक्षा में सफलता दिला सकता है। विद्यालय के बेअन्त सिंह चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र जतिन सिंघल ने सीए-आईपीसीसी की सेकंड ग्रुप परीक्षा, शिव कुमार सिंघल ने सीए फर्स्ट ग्रुप, आदित्य सिंघल ने सीए फर्स्ट ग्रुप और नवदीप सिंह राजपूत ने सीए फर्स्ट ग्रुप परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि विवेकानन्द संस्कार स्कूल बीते कई वर्षों से 12वीं कॉमर्स बोर्ड परीक्षा में जिला टॉपर देकर जिला स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करता आ रहा है, जिससे यह विद्यालय गंगापुर सिटी क्षेत्र में कॉमर्स शिक्षा का एक विश्वसनीय केंद्र बन चुका है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय सिन्हा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। ऐसे परिणाम हमें प्रेरणा देते हैं कि हम शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करें।

### श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर रियासत के अन्तिम पूर्व शासक सवाई कर्नल श्री ब्रजेन्द्र सिंह जी की 30वीं पुण्यतिथि पर हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला भरतपुर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये गये व गोष्ठी के रूप में वक्ताओं ने विचार प्रकट किये। व्यायामशाला के संचालक जिला कांठोस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान ने उन्हें सभी धर्मों का रक्षक, खेलों को बढावा देने के साथ-साथ भरतपुर के सांसद व विधायक के रूप में भरतपुर के हित का ध्यान रखा, सच्चे जन सेवक के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जावेगा। कवि श्याम सिंह जघीना ने कविता के रूप में कहा 'अन्तिम शासक सवाई ब्रजेन्द्र सिंह महाराज, आजादी के पूर्व था लोहागढ का ताज, विचार प्रकट करने वालों में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजाराम भूतोली, जाट सभा के अध्यक्ष बाबूसिंह रेंजर, रिटा. कमाडेंट ओमवीर सिंह, शहर कांठोस अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी, पार्षद ब्रजेन्द्र चीमा, रामेश्वर सेनी, रमेश पाठक, योगेश सिंघल, जुगल वशिष्ट, रेडक्रास सचिव पवन खंडेलवाल, गंगाराम पाराशर, राम निवास बहनेरा, मेवाराम बरखेडा, सेवादल के ब्रजेश शर्मा, सूबेदार अर्जुन सिंह, हेमेन्द्र चीकू, प्रेम सिंह फौजदार, रमेश सतीजा, ओमप्रकाश ठाकुर, अर्जुन कोच मलाह, गोला जाट, उमेश कुशवाह, श्याम सुन्दर कुशवाह आदि मौजूद रहे। अन्त में दो मिनट का मौन रखा गया।

### बैठक सम्पन्न

**भरतपुर (निस)।** भरतपुर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की भरतपुर इकाई की एक आकस्मिक बैठक परिषद कार्यालय, भरतपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में शहीद स्मारक की उपेक्षा, वहां हो रही अनियमितताओं एवं टूट-फूट की बढ़ती स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष सुदेश शर्मा ने की। बैठक में परिषद के पदाधिकारियों के अतिरिक्त शहर के अन्य गणमान्य नागरिक एवं जिम्मेदार पूर्व सैनिकों ने भी भाग लिया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शहीद स्मारक की दुर्दशा के संबंध में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को एक पत्र प्रेषित किया जाएगा, जिसमें प्रशासन से संपर्क कर आवश्यक मरम्मत व रख-रखाव कार्य करवाने की मांग की जाएगी। इस कार्य हेतु अध्यक्ष श्री सुदेश शर्मा को अधिकृत किया गया कि वे यह पत्र जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को प्रेषित करें एवं विषय की गंभीरता से अवगत कराएं। बैठक का समापन सभी उपस्थित जनों द्वारा स्मारक के सम्मान व सुरक्षा हेतु सहयोग और सजगता बनाए रखने के संकल्प के साथ किया गया।

# श्री मित्र भारत समाज संस्थान का स्थापना समारोह आयोजित



भरतपुर में श्री मित्र भारत समाज संस्थान का 25वां स्थापना समारोह आयोजित हुआ।

**भरतपुर, (निसं)।** श्री मित्र भारत समाज संस्थान का 25वां स्थापना समारोह व 21 समाजसेवियों का सम्मान, 101 असहाय परिवारों को साडी वितरण का आयोजन श्री राम फार्म हाउस भरतपुर पर हुआ। यह कार्यक्रम हरि चौतन्यपुरी महाराज के सानिध्य में हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा थीं, अध्यक्षता उद्यमी नवीन पाराशर समाजसेवी ने की। विशिष्ट अतिथि केदारलाल गुप्ता जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भगवानदास अठावाल जिला जज, ओ.पी. कटारिया पूर्व एएसपी, कुन्दनलाल चीफ इंजीनियर, गोपाल पहाडिया, डोरीलाल शर्मा जिलाध्यक्ष पेंशनर समाज, निहाल सिंह प्रधान, मूलचंद सैनी राष्ट्रीय महामंत्री थे। संयोजक दीवान सिंह, कुलदीप कटारा राष्ट्रीय अध्यक्ष, चन्द्रभान माहौर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। श्याम सिंह जघीना राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने संचालन करते हुए संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए भगवत कटारा संस्थापक के योगदान पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर 21 विशिष्ट समाजसेवियों का सम्मान किया गया जिनमें ओमवीर सिंह कमान्डेंट, डॉ. हेमन्त शर्मा, डॉ. दीपक सिंघल, वेद प्रकाश वेद साहित्यकार, लोकेश सिंघल, सोमेन्द्र गोपालिया, अर्चना गोविन्द डागुर कवि, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. मोनिका शर्मा, अरविन्द कुरका, चन्द्रभान माहौर, किरन जैन, को सम्मान पत्र, प्रतीक चिंह, मोती माला, पटका आदि से सम्मानित किया गया। स्वामी हरि चौतन्यपुरी ने स्व. भगवत कटारा को याद करते हुए भावुक होकर रो पडे और उन्होंने कहा कि दुनिया से एक सन्त चला गया, उनको याद करके पूरा सभागार भावुक हो गया। सभी अतिथियों ने स्व. भगवत कटारा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। अन्त में सैकडों जरूरतमंद असहाय परिवारों को साडी वितरण की गई।

कार्यक्रम में सुशीला कटारा संरक्षिका, अशोक पाराशर शिक्षाविद, ताराचंद चिचाना, श्याम सिंह डागुर वैर मोरदा, मुकेश राजपूत, मोतीलाल शर्मा, पीतम शर्मा, राजेन्द्र अनुरागी, लाल बिहारी शर्मा, बीना शर्मा, किरन जैन, मधु सिंघल, रामकुमार शर्मा, किशोर कटारा, महेश चौधरी एएनएम, हर्ष पंडित, धर्मेन्द्र निहाल सिंह प्रधान मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सिंह जघीना ने किया।

## शिविर आयोजित

**भरतपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर की अनुपालना में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सैनिक सुबोध उच्च माध्यमिक विद्यालय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुतोष गुप्ता द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्वीम नालसा गरीबी उन्मूलन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं 2015, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, 2024 की योजनाओं आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 विधिक सहायता, नालसा थीम सॉन्ग, साइबर क्राइम, बाल श्रम आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गुड टच बैड टच, नि:शुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, महिला सशक्तिकरण, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, टैफिक नियम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम, राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों का हेल्पलाईन नं. 1098, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। शिविर में विद्यालय की प्रधानाचार्य मधु कुमारी द्वारा सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

# सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने पर कृष्ण कुमार शर्मा का किया सम्मान



सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने पर कृष्ण कुमार शर्मा का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सम्मान किया।

**भरतपुर, (निसं)।** विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में अटारी निवासी कृष्ण कुमार शर्मा पुत्र पूरन चन्द शर्मा द्वारा सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने पर, उनके निज निवास पर दुपट्टा पहनाकर पुष्पगुच्छ एवं श्री बांके बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

इस अवसर पर इनकी माता बीना देवी शर्मा, पिता पूरन चन्द शर्मा एवं ताऊ हरीचरनलाल शर्मा का भी साफा, माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया । कृष्ण कुमार शर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेय, अपने माता-पिता एवं परिवारीजनों के साथ-साथ अपने गुरूजनों को दिया । श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने बताया कि भरतपुर के लाडले बेटे ने यह सिद्ध कर दिखाया कि यदि साध्य मजबूत हो तो साधन कोई मायने नहीं रखते । विषम पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद भी बच्चे ने अपने इरादे मजबूत रखें और अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया । सभी प्रतियोगी विद्यिर्थयों को ऐसे होनहार व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए । कार्यक्रम में इष्टदेव गणेश जी का भोग लगाकर सभी सदस्यों को मिठाई खिलाई गई। कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदार पाराशर, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज, समाजसेवी एडवोकेट दीपक मुद्गल, सर्वशक्ति मित्र मण्डल फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, सेवानिवृत्त थानेदार प्रभुदयाल कटारा, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डा.सुशील पाराशर, डीओआईटी के सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा, सेवानिवृत्ति सहायक लेखाधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, सेवानिवृत्ति सहायक अभियंता इंजी. देवकीनन्दन शर्मा, श्री ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, राजस्थान रोडवेज संघ के संभागध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर प्रसाद शर्मा सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कृष्ण कुमार शर्मा के पिता पूरन चन्द शर्मा ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।